Seat No. : _______________

# NJ-132

**November-2025**

**M.A., Sem.-III**

**HIN 505 : Hindi**

**(EA : तुलनात्मक साहित्य)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** **सभी** प्रश्नों के सामने अंक निर्दिष्ट हैं ।

1. तुलनात्मक साहित्य की परिभाषा देते हुए उसके क्षेत्र की चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

1. तुलनात्मक साहित्य का महत्त्व समझाते हुए उसकी प्रविधि लिखिए । **14**

2. 'आंगलियात' उपन्यास की कथावस्तु विस्तार से लिखिए । **14**

**अथवा**

2. 'आंगलियात' उपन्यास का समस्यागत अध्ययन कीजिए । **14**

3. 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' उपन्यास का कथ्य आलेखित कीजिए । **14**

**अथवा**

3. 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' उपन्यास का समाजशास्त्रीय विश्लेषण कीजिए । **14**

4. 'आंगलियात' और 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' उपन्यास का कथ्य की दृष्टि से विश्लेषण कीजिए । **14**

**अथवा**

4. समाजशास्त्रीय दृष्टि से 'आंगलियात' और 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' उपन्यास का विश्लेषण कीजिए । **14**

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **सात** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **14**

(1) किस स्कूल के प्रभाव स्वरूप तुलनात्मक साहित्य का काव्यशास्त्रीय एवं कलापरक परिप्रेक्ष्य महत्त्वपूर्ण बना ?

(a) अमरीकी (b) फ्रेन्च

(c) भारतीय (d) रशियन

(2) तुलनात्मक साहित्य का प्रारम्भ सबसे पहले कहाँ पर हुआ ?

(a) भारत (b) यूरोप

(c) फ्रांस (d) मॉरीशस

(3) 'तुलनात्मक साहित्य की भूमिका' के लेखक कौन हैं ?

(a) इन्द्रनाथ चौधरी (b) डॉ. नगेन्द्र

(c) महावीर सिंह चौहान (d) आ. रामचन्द्र शुक्ल

(4) तुलनात्मक साहित्य की अवधारणा सबसे पहले किसने रखी ?

(a) मैथ्यू अर्नाल्ड (b) टी.एस. इलियट

(c) सार्त्र (d) वर्ड्सवर्थ

(5) मेठी किस उपन्यास की नायिका है ?

(a) झीनी झीनी बीनी चदरिया (b) आंगलियात

(c) समर शेष है (d) इनमें से कोई नहीं

(6) 'आंगलियात' मूलत: किस भाषा की रचना है ?

(a) मराठी (b) हिंदी

(c) बंगाली (d) गुजराती

(7) बुद्धं शरणम् गच्छामिं .... – का साइन बोर्ड कौन देखता है ?

(a) मतीन (b) धवल

(c) नीरव (d) वालजी

(8) किस उपन्यास में गुजरात के चरोतर प्रदेश का परिवेश लिया गया है ?

(a) झीनी झीनी बीनी चदरिया (b) अतिथि देवो भव

(c) आंगलियात (d) तमस

(9) 'झीनी झीनी बीनी चदरिया' उपन्यास का शीर्षक किसके पद पर आधारित है ?

(a) कबीर (b) रहीम

(c) सूरदास (d) जायसी

(10) बुनकर समाज को केन्द्र में रखकर कौन सा उपन्यास लिखा गया है ?

(a) महाभोज (b) झीनी झीनी बीनी चदरिया

(c) रेत समाधि (d) इनमें से कोई नहीं

(11) निम्न में से कौन सी रचना अब्दुल बिस्मिल्लाह की नहीं है ?

(a) झीनी झीनी बीनी चदरिया (b) मुखड़ा क्या देखें

(c) जहरबाद (d) तमस

(12) ताना और बाना किस उपन्यास के महत्त्वपूर्ण भाग हैं ?

(a) रावी लिखता है (b) अपवित्र आख्यान

(c) झीनी झीनी बीनी चदरिया (d) इनमें से कोई नहीं

---

Seat No. : _______________

# NJ-132

**November-2025**

**M.A., Sem.-III**

**505 : Hindi (वैकल्पिक)**

**(EB : प्रवासी साहित्य)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**सूचना :** **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं । प्रश्न–पत्र का सही क्रम ही उत्तरवही में लिखें ।

1. प्रवासी साहित्य की अवधारणा में 'विस्थापन', 'पहचान' और 'अस्तित्व संघर्ष' की क्या भूमिका है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

1. प्रवासी साहित्य किस प्रकार मूल देश की सांस्कृतिक परंपराओं और विदेशी समाज की आधुनिक संवेदनाओं के बीच संवाद स्थापित करता है ? उदाहरण सहित विवेचन कीजिए । **14**

2. मॉरीशस के हिन्दी प्रवासी साहित्यकारों ने भाषा, संस्कृति औऱ पहचान के संकट को किस रूप में रचनात्मक विषय बनाया है ? इस संदर्भ में प्रमुख रचनाकारों के योगदान पर प्रकाश डालिए । **14**

अथवा

2. अमेरिका के हिन्दी प्रवासी साहित्य में भारतीय संस्कृति और अमेरिकी जीवन–मूल्यों के टकराव तथा समन्वय की प्रवृत्ति का मूल्यांकन कीजिए । **14**

3. 'अमेरिका हड्डियों में जम जाता है' में कवयित्री ने प्रवासी स्त्री के अनुभवों, द्वंद्वों और पहचान–संघर्ष को किस काव्यात्मक संवेदना के साथ प्रस्तुत किया है ? विस्तार से स्पष्ट कीजिए । **14**

अथवा

3. "अमेरिका हड्डियों में जम जाता है" में अमेरिकी सभ्यता और भारतीय संस्कारों के बीच जो मूल्य–संघर्ष दिखाई देता है, वह प्रवासी साहित्य की व्यापक परंपरा से किस प्रकार जुड़ता है ? विवेचन कीजिए । **14**

4. उषा प्रियंवदा के 'अंतर्वशी' में स्त्री–स्वातंत्र्य औऱ नैतिक मूल्यों के द्वंद्व को किस प्रकार आधुनिक नारी विमर्श से जोड़ा जा सकता है ? आलोचनात्मक दृष्टि से विवेचना कीजिए । **14**

अथवा

4. 'अंतर्वशी' में नायिका के व्यक्तित्व–विकास और मानसिक संघर्ष के माध्यम से उषा प्रियंवदा ने किस प्रकार मध्यवर्गीय जीवन की सीमाओं और विडंबनाओं को उजागर किया है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । **14**

5. योग्य विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (किन्हीं **सात**) **14**

   (1) प्रवासी साहित्य के स्वरूप में कौन सा तत्त्व सबसे अधिक प्रमुख होता है ?
   - (a) कल्पना और स्वप्नलोक
   - (b) सांस्कृतिक संघर्ष और समन्वय
   - (c) ऐतिहासिक पुनर्रचना
   - (d) राजनीतिक प्रचार

(2) प्रवासी साहित्य का संबंध किससे नहीं है ?
(a) सांस्कृतिक अस्मिता (b) भाषा और भावनाओं का द्वंद्व
(c) औद्योगिक तकनीक (d) आत्मपरिचय की खोज

(3) प्रवासी साहित्य में 'सांस्कृतिक संवाद' की प्रक्रिया किस रूप में व्यक्त होती है ?
(a) संघर्ष, अनुकूलन और समन्वय
(b) मौन, निषेध और बहिष्कार
(c) राजनीति, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र
(d) रहस्य, रोमांच और कल्पना

(4) मॉरीशस के प्रमुख हिन्दी प्रवासी साहित्यकार कौन हैं ?
(a) अंजना संधीर (b) सुशीला टाकभौरे
(c) अभिमन्यु अनत (d) उषा प्रियंवदा

(5) अमेरिका के हिन्दी प्रवासी साहित्य की केंद्रीय संवेदना क्या है ?
(a) भौतिक प्रगति का उत्सव (b) अस्तित्व और पहचान का द्वंद्व
(c) राजनीतिक आंदोलन (d) केवल तकनीकी विकास

(6) मॉरीशस और अमेरिका के हिन्दी प्रवासी साहित्य में समानता किस रूप में दिखाई देती है ?
(a) दोनों में धार्मिक आख्यानों की पुनर्रचना
(b) दोनों में सांस्कृतिक अस्मिता और पहचान की खोज
(c) दोनों में केवल प्रेम और प्रकृति का वर्णन
(d) दोनों में शास्त्रीय परंपरा का अनुसरण

(7) अंजना संधीर की कविताओं में प्रमुख संवदना कौन सी है ?
(a) रोमांटिक प्रेम की संवेदना (b) राजनीतिक आंदोलन
(c) धार्मिक श्रद्धा (d) विस्थापन, एकाकीपन और अस्मिता की खोज

(8) 'अमेरिका हड्डियों में जम जाता है' में कवयित्री की भाषा शैली कैसी है ?
(a) सहज, संवेदनशील और आत्मकथात्मक
(b) शास्त्रीय और कठिन संस्कृतनिष्ठ
(c) तर्कप्रधान और दार्शनिक
(d) अलंकारिक और शृंगारिक

(9) अंजना संधीर की कविताओं में किस भारतीय तत्व की निरंतर उपस्थिति मिलती है ?
(a) धार्मिक उत्सव (b) वैदिक परंपराओं का उल्लेख
(c) मातृभूमि का मोह (d) धार्मिक अनुष्ठान

(10) उषा प्रियंवदा के उपन्यास 'अंतर्वशी' का केंद्रीय भाव क्या है ?
(a) राजनीतिक संघर्ष (b) धार्मिक आस्था
(c) ऐतिहासिक पुनर्निर्माण (d) स्त्री की स्वतंत्र अस्तित्व की खोज

(11) 'अंतर्वशी' उपन्यास का मुख्य परिवेश किस वर्ग से संबंधित है ?
(a) ग्रामीण वर्ग (b) उच्च वर्ग
(c) मध्यमवर्गीय शहरी समाज (d) औद्योगिक श्रमिक वर्ग

(12) 'अंतर्वशी' उपन्यास का महत्त्व हिन्दी कथा-साहित्य में किस रूप में स्वीकार किया जाता है ?
(a) नारी मनोविज्ञान के सूक्ष्म चित्रण के रूप में
(b) राजनीतिक के रूप में
(c) ऐतिहासिक उपन्यास के रूप में
(d) धार्मिक कथा के रूप में